प्रेस नोट

दिनांक- 10.11.2022

थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया !

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी डेरापुर के नेतृत्व में थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व मो0सा0 का लाक तोड़ने का हथियार के साथ दिनाँक 10.11.2022 को गिरफ्तार किया गया है।

विदित हो कि दिनांक 09.11.202 को वादी मो0 राशिद वारसी पुत्र शमीम निवासी झींझक थाना मंगलपुर कानपुर देहात द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक-06.11.2022 को मेरे घर के बाहर से मेरी मोटर साइकिल रंग सफेद को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। जिसके सम्बन्ध में थाना मंगलपुर पर मु0अ0स0 409/22 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त 1. समीर पुत्र नसीर निवासी ग्राम लहरापुर थाना सहायल जनपद औरैया को दिनाँक-10.11.2022 को मुखबिर खास सूचना पर 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व मोटर साइकिल का लाक तोड़ने का हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1.समीर पुत्र नसीर उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम लहरापुर थाना सहायल जनपद औरैया

अभियुक्त से बरामदगी-

1. 01 अदद चोरी की मो0सा0 अपाचे
2. 01 अदद हथियार मो0सा0 का लाक तोडने वाला

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0स0-397/22 धारा 379 भादवि0 थाना मंगलपुर कानपुर देहात

2.मु0अ0स0-409/22 धारा 379/411 भादवि0 थाना मंगलपुर कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अरुण कुमार द्विवेदी चौकी प्रभारी झीझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
2. का0 335 जयन्त चौधरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
3. का0 681 विशाल चौधरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

मीड़िया सेल

जनपद कानपुर देहात।